कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय महराजगंज

सूचना

विषयः- स्थायी लोक अदालत में सदस्य के पद हेतु चयन प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन साक्षात्कार के संबंध में।

माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 246/एसएलएसए-49/2016 (हैदर) दिनांक 29.07.2026 के अनुपालन में एवं श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार समस्त संबंधित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि **स्थायी लोक अदालत, महराजगंज में सदस्य** के 02 पद हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा:

- **साक्षात्कार की तिथि:** 11 अगस्त, 2026 (मंगलवार)
- **समय:** अपराह्न 02:00 बजे

अतः सभी आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि को निश्चित समय से 02 घंटा पूर्व साक्षात्कार हेतु आवश्यक समस्त मूल अभिलेखों एवं आवेदन से संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर ऑनलाइन साक्षात्कार की कार्यवाही में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

दिनांक-30.07.2026

प्रभारी सचिव
(दीपक कुमार सिंह)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
अपर सिविल जज (प्रवर खण्ड)
महराजगंज।

प्रतिलिपि - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज।
2. अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, महराजगंज।
3. अध्यक्ष/महामंत्री, बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट महराजगंज ।
4. केन्द्रीय नाजिर, दीवानी कचहरी, जनपद न्यायालय महराजगंज।
5. सिस्टम ऑफिसर, महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे कृपया उक्त सूचना जनपद न्यायालय के वेबपोर्टल पर अपलोड करायें।
6. जिला सूचनाधिकारी, महराजगंज ।
7. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

प्रभारी सचिव
(दीपक कुमार सिंह)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
अपर सिविल जज (प्रवर खण्ड)
महराजगंज।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दीवानी न्यायालय परिसर महराजगंज